तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 13 जुलाई 2024

[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]

4

समस्याओं के निराकरण के लिए लोगों तक पहुंचा जिला प्रशासन




## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार

**आवेदन की अंतिम तिथि 20/07/2024**

**फायर सेफ्टी के कोर्स**

- डिप्लोमा फायर एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी
- डिप्लोमा हेल्थ सेनिटरी इंस्पेक्टर
- सब-फायर ऑफिसर
- बी.एस.सी. फायर सेफ्टी



(DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: - मो.- 76972 12782 (1) पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़-490023**

Advt.


### खबर संक्षेप



#### ई-स्कूटी में लगी आग बाल-बाल बचा सवार

**रायगढ।** धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत कॉलोनी के समीप एक इलेक्ट्रिक स्कूटी में अचानक आग लग गई। किसी तरह इस आग पर काबू पाया गया। गनीमत यह रही कि स्कूटी सवार बाल बाल मच गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ कॉलोनी में शुक्रवार की सुबह अचानक एक इलेक्ट्रिक स्कूटी में आग लग गई। आग देखते देखते इतनी तेज बढ़ गई कि आग में काबू पाना मुश्किल हो गया और कुछ देर तक कड़ी मसक्क्त करने पर जैसे तैसे आग पर काबू तो पाया गया पर तब तक बहुत देर हो चुकी थी। पूरी स्कूटी जलकर खाक हो चुकी थी। बताया जा रहा कि इलेक्ट्रिक स्कूटी ओकीनावा कंपनी का था। वहीं घटना में किसी व्यक्ति के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। आस पास के लोगों ने बताया कि इलेक्ट्रिक स्कूटी में शुक्रवार की सुबह अचानक आग लग गई। जिसके बाद जैसे ही गाड़ी मालिक ने आग देखा तो उसने पानी डालकर आग बुझाने की कोशिस की, लेकिन तब तक स्कूटी पूरी तरह जल चुकी थी।

#### बैठक में नगर विधायक का ड्रीम प्रोजेक्ट खारिज

**रायगढ़।** नगर विधायक एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी की महत्वाकांक्षी योजनाओं को एक महत्वपूर्ण झटका देते हुए, महापौर परिषद की बैठक ने शुक्रवार को शहर में शिक्षा के महत्वपूर्ण ढांचे को बदलने के उद्देश्य से प्रस्तावित ड्रीम प्रोजेक्ट नालंदा परिसर निर्माण को खारिज कर दिया। करोड़ों रुपये की लागत वाली इस परियोजना को शहर के विकास के लिए एक गेम चेंजर के रूप में प्रचारित किया गया था। परिषद के सदस्यों ने वित्तीय बाधाओं, और सार्वजनिक परामर्श की कमी का हवाला देते हुए कई चिंताएँ और आपत्तियाँ उठाईं। ओपी चौधरी के इस प्रोजेक्ट को मिली अस्वीकृति ने एक गरमागरम बहस को जन्म दिया है, जिसमें परियोजना के समर्थकों ने इस निर्णय को अदूरदर्शी और राजनीति से प्रेरित बताया है। नालंदा परिसर परियोजना की अस्वीकृति ने शहर की निवेश आकर्षित करने और बड़े पैमाने पर विकास परियोजनाओं को लागू करने की क्षमता पर सवाल उठाए हैं। विपक्ष ने इस निर्णय को जनता की जीत बताया हैए जबकि विधायक कार्यालय ने परियोजना को अमलीजामा पहनाने के लिए लड़ाई जारी रखने की बात कही है।

#### चक्रधर समारोह में प्रस्तुति देने कलाकार 16 तक करें आवेदन

**रायगढ़।** 39 वें चक्रधर समारोह का आयोजन 7 सितम्बर से शुरू होगा। इस समारोह में सम्मिलित होने हेतु अंतर्राष्ट्रीय स्तर राज्य स्तर एवं स्थानीय कलाकारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है। आवेदन 16 जुलाई तक स्वीकार किए जाएंगे। उक्त समारोह में प्रस्तुति देने हेतु अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के लिए ई.मेल एवं पंजीकृत डाक के माध्यम से कलेक्टर कार्यालय चक्रधर नगर रायगढ़, पिन नंबर 496001 में प्रेषित कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा।

### अलग-अलग स्टेशनों पर रूकी ट्रेनें, मौके पर पहुंचा रेस्क्यू अमला

# किरोड़ीमलनगर-चिराईपानी के बीच मालगाड़ी डिरेल, ट्रेनें 6 घंटे प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

गुरूवार देर शाम किरोड़ीमलनगर व चिराईपानी के बीच डाऊन के तीसरी लाइन पर मालगाड़ी की एक बोगी डी रेल हो गई, जिससे कई यात्री ट्रेनों का परिचालन करीब 6 घंटे तक प्रभावित रहा। इस दौरान आरपीएफ व इंजीनियरिंग विभाग की टीम मौके पर मौजूद रही। अलग अलग स्टेशनो पर ट्रेनों को रोका गया था। बताया जा रहा है कि देर रात करीब 12 बजे रेस्क्यू कार्य 50 फीसदी खत्म होने के बाद पहली ट्रेन रायगढ़ स्टेशन से रवाना की गई।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम करीब 7.30 बजे एक खाली मालगाड़ी बिलासपुर की तरफ से आकर किरोड़ीमलनगर स्टेशन के आगे चिराईपानी के पास तीन नंबर लाईन पर खड़ी थी। इस दौरान जब लोको पायलट द्वारा ट्रेन को पीछे किया जा रहा था, तभी इंजन के पीछे वाली एक बोगी बेपटरी हो गई। हालांकि जैसे ही बोगी पटरी से उतरी उसे अंदाजा हो गया कि बोगी बेपटरी हो गई और तभी लोको पायलट ने ट्रेन को रोक दिया। साथ ही घटना की सूचना रायगढ़ स्टेशन मास्टर को दी। जिससे आनन फानन में रायगढ़ से इंजीनियरिंग विभाग व आरपीएफ टीम सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचे और बेपटरी हुई बोगी को अलग कर बाकी मालगाड़ी को रायगढ़ के लिए रवाना किया गया। इसके बाद उक्त बोगी को पटरी से हटाने का काम शुरू किया गया। बता दें कि जिस वक्त यह हादसा हुआ, उस वक्त मेल, गीतांजलि सहित अन्य लंबी दूसरी की ट्रेनों का आने का समय था। ऐसे में बिलासपुर की तरफ से आने वाली हापा एक्सप्रेस व समरसता एक्सप्रेस को किरोड़ीमलनगर स्टेशन के पहले रोका गया था।

वहीं सूत्रों के अनुसार मेल को चांपा स्टेशन में तो आजाद हिंद को उसके पीछे रोका गया था। साथ ही इंजीनियरिंग विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त बोगी को पटरी से हटाकर दो नंबर लाईन से देर रात यात्री ट्रेनों को आगे के लिए रवाना किया गया। जिससे ये ट्रेनें करीब 4 घंटा से अधिक समय तक खड़ी रही।



#### यात्रियों को हुई परेशानी

किरोड़ीमलनगर के पास मालगाड़ी डिरेल होने के बाद यात्री ट्रेनों को अलग.अलग जगह रोके जाने से उमस भरी गर्मी के बीच यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं जो ट्रेन स्टेशन में खड़ी थी, वहां तो यात्रियों को कुछ राहत थी, लेकिन जो ट्रेनें आउटर में खड़ी थी। उस ट्रेन के यात्री काफी हलाकान रहे। हालांकि उक्त ट्रेनों की सुरक्षा को लेकर आरपीएफ की टीम पूरी मुस्तैदी से तनात रही। इस दौरान रायगढ़ आरपीएफ पोस्ट प्रभारी कुलदीप कुमार व एसआई संजय एस सहित अन्य जवान तैनात रहे।

#### दोनों तरफ की ट्रेनें प्रभावित

मालगाड़ी के डिरेल होने से दोनों तरफ की गाडियां प्रभावित थी, हालांकि रात करीब 10.30 बजे अप लाईन को चालू किया गया। जिससे टिटलागढ़ पैसेंजर को रवाना किया गया। इसके बाद उसके पीछे लगी मालगाडियों को एक.एक कर छोड़ा गया। वहीं रात करीब 11 बजे तक डाउन लाइन चालू नहीं हो सकी थी। जिससे हापा. समसरसता एक्सप्रेस, मेल, आजाद हिंद एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों की चाल प्रभावित हुई। वहीं रेलवे अधिकारियों के अनुसार लाईन क्लियर होने में कई घंटे लग गए, जिसके चलते डाउन लाइन की सभी ट्रेनों को करीब 6 घंटे बाद रवाना किया गया।

## हमीरपुर में पानी की किल्लत से परेशान हो रहे ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

तमनार ब्लॉक के ग्राम पंचायत हमीरपुर पानी की किल्लत से जूझ रहा है। हालात यह है कि पानी के लिए ग्रामीणों को जद्दोजहद करनी पड़ रही है।

इसका कारण यह है कि 13 जून को हमीरपुर क्षेत्र में तेज आंधी तूफान आया था, जिसके बाद इस क्षेत्र के कई बिजली खंभे गिर गए। इससे गांव में तीन फेस बिजली लाइन सप्लाई व्यवस्था ठप हो गई। जिसकी वजह से अब तक जलापूर्ति प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि इस बारिश के सीजन में हमीरपुर गांव में पानी को लेकर समस्या बढ़ गई है। गांव में करीब 15 हैंडपंप हैं, पर उसमें भी कई बंद हालत में हैं और मात्र 1-2 ही चालू है। इसके अलावा दो शासकीय कुंए हैं, जिसमें पानी लेने के लिए लोग पहुंच रहे हैं। गांव में लोगों की पूर्ति के लिए ये कुंए भी पर्याप्त साबित नहीं हो रहे।ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत हमीरपुर में लगभग 350 परिवार है और तकरीबन 1 हजार 800 आबादी है। इस बारिश के सीजन में गांव के लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। बिजली खंभे को लेकर जानकारी दी जा चुकी है, लेकिन व्यवस्थित नहीं किया जा रहा है।

#### एक माह भी मरम्मत नहीं

हमीरपुर क्षेत्र में आंधी तूफान आने के बाद 13 जून को बिजली खंभे टूट गए थे। जिसे अब एक महीने होने को है, लेकिन बावजूद इसके बिजली विभाग द्वारा सुधार नहीं कराया गया। गांव के उपसरपंच आशीष मिश्रा ने बताया कि ग्राम पंचायत के पीछे बड़ी टंकी में पानी नहीं भर पाने के कारण समस्या है। टूटे बिजली खंभो को लेकर जानकारी दी जा चुकी है। पानी को लेकर गांव में समस्या बनी हुई है।

## अनियंत्रित डंपर घर में घुसा, बची जान, चक्काजाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चक्रधरनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बंगुरसिया निवासी एक परिवार बाल बाल बच गया। शुक्रवार की अलसुबह एक अनियंत्रित डंफर उस वक्त उनके घर में जा घुसा जब वे गहरी नींद में थे। इस दुर्घटना के बाद परिवार सहम गया और आनन फानन में घर से बाहर निकला।

बंगुरसिया गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब शुक्रवार की अलसुबह एक डम्फर रोड किनारे स्थित एक मकान में घुस गया। इस वक्त पूरा परिवार गहरी नींद में था। बताया जा रहा है कि यह डंफर अनियंत्रित होकर घर में घुस गया। इस दुर्घटना के बाद घर में सो रहे परिवार की अचानक नीद खुली और वे किसी तरह आनन फानन में घर से बाहर निकले। गनीमत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में पूरा परिवार बाल बाल बच गया। वहीं इस दुर्घटना के बाद बड़ी जोरदार आवाज के साथ अन्य लोग भी जाग गए और वे अपने अपने घरों से किसी अनहोनी की आशंका लिए घरों से निकले तो देखा कि एक डंपर घर में घुसा हुआ था। यह दुर्घटना सुबह करीब 4.30 बजे की बताई जा रही है। इस मामले में मकान मालिक कनाही गुप्ता ने बताया कि वह इस दुर्घटना के वक्त सो रहे थे, तभी अचानक जोरदार आवाज के साथ एक डंफर उनके घर में आ घुसा, वे अपने किसी तरह अपने घर से बाहन निकले और अपनी जान बचाई। बताया जा रहा है कि इसी घर के समीप एक कोयला लोड वाहन खड़ी थी, जिससे टकराते हुए उक्त डंपर घर में जा घुसी। इस दुर्घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्काजाम कर इस मार्ग पर चलने वाले भारी वाहनों पर प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया, इस दौरान लोगों ने नारेबाजी भी की। हालांकि काफी समझाइश के बाद उन्होंने चक्काजाम समाप्त किया।

■ चक्रधरनगर थाने क्षेत्र के बंगुरसिया का मामला

#### घर में छिपे तड़ीपार को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में किया पेश

थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज को मुखबिर से सूचना मिली कि जिला बदर किया गया बदमाश बबलू उर्फ यमराज छातामुड़ा नाका एफसीआई गोदाम के पास वाले मकान में छिपकर रहता है। सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा तत्काल स्टाफ के साथ बदंमाश के घर दबिश दिया गया।



पुलिस की छापेमारी और कार्यवाही का विरोध कर बबलू उर्फ यमराज साहू पुलिस की उपस्थिति में गवाहों को धमकाने लगा। अनावेदक के कृत्य पर पुलिस धारा 170 बीएनएसएस के तहत बदमाश बबलू उर्फ यमराज को गिरफ्तार कर धारा 170/126,135, 3 बीएनएसएस की कार्यवाही कर एसडीएम न्यायालय रायगढ़ पेश किया गया। विदित हो कि जिला दंडाअधिकारी रायगढ़ द्वारा दांडिक प्रकरण क्रमांक 01/2020 में पारित आदेश 03 जून के अनुसार अनावेदक बबलू उर्फ यमराज पिता संत राम साहू उम्र 34 साल निवासी छातामुड़ा एफसीआई गोदाम के पास थाना जूटमिल रायगढ़ को छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 क एवं ख के तहत जिला रायगढ़ तथा सीमावर्ती जिले सारंगढ़ बिलाईगढ़, सक्ती, बलोदा बाजार, महासमुंदए जांजगीर चांपा, कोरबा और जशपुर की सीमाओं से एक साल की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। अनावेदक द्वारा जिला दंडाधिकारी के आदेश का उल्लंघन पर जूटमिल पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए अनावेदक को न्यायालय पेश किया गया और 10 हजार के बॉण्ड ओवर की कार्यवाही कराई गई है।

#### टायर फटने से बस में लगी आग, सामान जला

**रायगढ़।** जिले में चलती बस में आग लग गई। बताया जा रहा है कि पिछला टायर फटने की वजह से आग लगी है।



बस में सवार यात्रियों ने आनन.फानन में बस से उतरकर अपनी जान बचाई। घटना देर रात धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी के मुताबिक नवीन बस हर दिन की तरह रायगढ़ से जशपुर जा रही थीए तभी सिसरिंगा घाटी के पास आग लग गई। हादसे के बाद तत्काल मामले की सूचना धरमजयगढ़ पुलिस को दी गई। पुलिस के अधिकारी और जवान मौके पर पहुंचे। इस दौरान आसपास के ग्रामीणों और लोगों की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की गई, लेकिन बस पूरी तरह से जलकर राख हो गई। कुछ यात्रियों का सामान भी जलकर राख हो गया। यात्रियों को दूसरे बस से जशपुर भेजा गया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सभी यात्री सुरक्षित हैं। वह अपने.अपने घर पहुंच चुके हैं। सूझबूझ से समय रहते गाड़ी रोककर यात्रियों को नीचे उतार दिया गया थाए जिससे किसी तरह की अनहोनी नहीं हुई। सामान जलकर राख हो गए हैं।

### जेएसपी फाउंडेशन का छात्रवृत्ति वितरण

## कौशल्या साय ने मेधावी विद्यार्थियों को दी छात्रवृत्ति



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ग्रामीण क्षेत्रों के मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए जेएसपी फाउंडेशन द्वारा हर साल अंचल के विद्यार्थियों को ओपी जिंदल एवं श्रीमती सावित्री देवी जिंदल स्कॉलरशिप प्रदान की जाती है।

ओपी जिंदल ऑडिटोरियम में शुक्रवार को आयोजित छात्रवृत्ति वितरण समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि प्रतिभा हर किसी में छिपी होती है। उसे अपनी मेहनत से तराशकर सामने लाने वाला ही जीवन में सफल होता है। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए जेएसपी फाउंडेशन द्वारा की जा रही पहल की सराहना की।

जिंदल स्टील एंड पॉवर लिमिटेड की सीएसआर इकाई जेएसपी फाउंडेशन द्वारा प्रतिवर्ष संयंत्र के आसपास के गांवों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए स्कॉलरशिप प्रदान की जाती है। इसके तहत छात्रों को श्री ओपी जिंदल छात्रवृत्ति तथा छात्राओं को श्रीमती सावित्री देवी जिंदल छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

### धीमी गति से चल रहे कार्यो पर बिफरी, तेजी लाने के निर्देश

# रेलवे महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण, निर्माण का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रेलवे स्टेशन रायगढ़ में अमृत भारत स्टेशन के तहत चल रहे निर्माण कार्यों का जताजा लेने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महाप्रबंधक नीनू इटियेरा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लाबी व रनिंग रूम सहित अन्य जगहों का जायजा लेते हुए स्थानीय अधिकारियों को समय से काम पूरा कराने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने ईब स्टेशन के लिए रवाना हुई।

उल्लेखनीय है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेल की महाप्रबंधक नीनु इटियेरा बिलासपुर से ईब रेल खंड में चल रहे विकास कार्यों, संरक्षा सम्बन्धी कार्यों तथा रायगढ़ स्टेशन में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान इनके साथ डीआरएम प्रवीण पाण्डेय, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक राहुल अग्रवाल सहित मण्डल के अन्य अधिकारी एवं पर्यवेक्षक मौजूद रहे।महाप्रबंधक ने निरीक्षण यान से बिलासपुर-चांपा-रायगढ़-बेलपहाड़ स्टेशन के सेक्शन का जायजा लिया। इस दौरान रेलवे जीएम नीनू इटियेरा सुबह करीब 10.30 बजे रायगढ़ स्टेशन पहुंची और अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों का जायजा लेते हुए कार्य की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही पुनर्विकास कार्यों के मॉडल एवं ले आउट प्लान का अवलोकन कर उससे जुड़े अन्य कार्य जल्द करने की बात कही।



#### तय समय में कार्य हो पूरा

रेलवे स्टेशन में परिसर में विगत कई माह से सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा है, जिसको लेकर बीच बीच में अधिकारियों का दौरा होते रहता है, लेकिन इसके बाद भी निर्माण कार्य कछुआ गति से ही चल रहा है। जिसको लेकर उन्होंने कहा कि सभी कार्य तय समय सीमा में पूर्ण कराया जाए, ताकि यात्रियों को ज्यादा परेशानी का सामना न करना पड़े।

#### अनियमितता को लेकर बिफरे जनप्रतिनिधि

रेलवे स्टेशन में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्य में हो रहे अनियमितता व लेट.लतीफी को लेकर रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य दीपेश सोलंकी भी स्टेशन पहुंचे थे, लेकिन जब तक वे पहुंचे तब तक रेलवे जीएम नीनु इटियेरा निकल चुकी थी। ऐसे में स्टेशन के बाहर स्थानीय अधिकारियों के साथ ठेकेदार मिल गया, जिससे उनके द्वारा कार्य में गुणवत्ता व सुधार को लेकर काफी बहस हो गई।

## बड़गांव वन क्षेत्र के जंगल तक पहुंचे 2 गजराज, वन अमले ने रखी नजर

**रायगढ़।** वनपरिक्षेत्र रायगढ़ के बड़गांव तक दो गजराजों की आमद के बाद वन अमले के कान खड़े हो गए। बता दें कि बीते कुछ दिनों से उक्त दोनों गजराज लगातार दनौट, उर्दना क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं। इन्हीं दोनों गजराजों को बड़े रामपुर के पीछे जंगल में भी देखा गया है।

रायगढ़ वन मंडल के अंतर्गत आने वाले बडगांव के जंगलों में विचरण करने हाथियों के दल से भटककर दो हाथी बीते दिनों दनौट. उर्दना होते हुए सुबह सुबह रामपुर नगर वन की पहाड़ी में आ पहुंचे थे। शहर के करीब हाथी की मौजदूगी के चलते वन विभाग अलर्ट मोड में आ गया था, शहरवासी भी भयभीत हो गए थे।

#### एनटीपीसी के करीब पहुंचे हाथी

ओडिसा के जंगलों में रात भर विचरण करने के बाद गुरूवार की सुबह दोनों हाथी एनटीपीसी के करीब ग्राम छपोरा में दस्तक देते ही यहां के भी ग्रामीणों में भय का माहौल निर्मित हो गया। पहली बार छपोरा में हाथी आने से जहां उन्हें देखने लोगों की भी भारी भीड़ जुट गई थी।



#### पुसौर क्षेत्र में भी पहुंचे हाथी

**पुसौर।** पुसौर तहसील क्षेत्र के ग्राम एकताल, सोडेकेला क्षेत्र में घूमते हुए जंगली हाथी आ धमकने की जानकारी मिली है। जिसकी संख्या 2 बताया जा रहा है। ये हाथी कहां से और कैसे आये जानकारी किसी के द्वारा नहीं दी जा रही है। सोडेकेला सरपंच उक्त हाथियों के संबंध में बताया कि ये दोनों हाथी केसेईपाली नाला, जहां शराब बनाने के लिये भिगायो हुआ महुआ था इसे सुंघते हुए ये यहां पहुंचे। उक्त महुआ को इन्हौने खा लिया और वहीं सोये हुए हैं। सोडेकेला क्षेत्र में लाईट बंद कर दिया गया है चूंकि लाईट के चपेट में उक्त हाथी आ सकते हैं।

